SET – 4

Series : SSO/1

कोड नं.
Code No. 71/1

रोल नं.
Roll No.

परीक्षार्थी कोड को उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर अवश्य लिखें ।
Candidates must write the Code on the title page of the answer-book.

- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में मुद्रित पृष्ठ **3** हैं ।
- प्रश्न-पत्र में दाहिने हाथ की ओर दिए गए कोड नम्बर को छात्र उत्तर-पुस्तिका के मुख-पृष्ठ पर लिखें ।
- कृपया जाँच कर लें कि इस प्रश्न-पत्र में **8** प्रश्न हैं ।
- **कृपया प्रश्न का उत्तर लिखना शुरू करने से पहले, प्रश्न का क्रमांक अवश्य लिखें ।**
- इस प्रश्न-पत्र को पढ़ने के लिए 15 मिनट का समय दिया गया है । प्रश्न-पत्र का वितरण पूर्वाह्न में 10.15 बजे किया जायेगा । 10.15 बजे से 10.30 बजे तक छात्र केवल प्रश्न-पत्र को पढ़ेंगे और इस अवधि के दौरान वे उत्तर-पुस्तिका पर कोई उत्तर नहीं लिखेंगे ।
- Please check that this question paper contains **3** printed pages.
- Code number given on the right hand side of the question paper should be written on the title page of the answer-book by the candidate.
- Please check that this question paper contains **8** questions.
- **Please write down the Serial Number of the question before attempting it.**
- 15 minute time has been allotted to read this question paper. The question paper will be distributed at 10.15 a.m. From 10.15 a.m. to 10.30 a.m., the students will read the question paper only and will not write any answer on the answer-book during this period.

चित्रकला (सैद्धान्तिक)

(भारतीय कला का इतिहास)

PAINTING (Theory)

(HISTORY OF INDIAN ART)

*निर्धारित समय : **2** घंटे]* *[अधिकतम अंक : **40***

*Time allowed : **2** hours]* *[Maximum Marks : **40***

सामान्य निर्देश :

(i) ***सभी आठ** प्रश्न अनिवार्य हैं, जिनके अंक समान हैं ।*

(ii) *प्रश्न संख्या **1** व **2** का प्रत्येक उत्तर लगभग **200** शब्दों में तथा प्रश्न संख्या **3, 4** व **5** का प्रत्येक उत्तर लगभग **100** शब्दों में लिखिए । प्रश्न संख्या **6, 7** व **8** वस्तुनिष्ठ प्रकार के हैं ।*

General Instructions :

(i) ***All** the **eight** questions are compulsory, which carry equal marks.*

(ii) *Answers be written for question nos. **1** and **2** in about **200** words each and for question nos. **3**, **4** and **5** in about **100** words each. Question nos. **6**, **7** and **8** are objective type.*

1. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित **किसी एक** राजस्थानी **अथवा** पहाड़ी लघु-चित्र का सौन्दर्यात्मक विवेचन निम्नलिखित बिन्दुओं के आधार पर कीजिए : **5**

(अ) शीर्षक एवं चित्रकार का नाम

(ब) माध्यम एवं तकनीक

(स) विषय-वस्तु

(द) संयोजन

Appreciate **any** Rajasthani **or** Pahari miniature painting included in your course of study based on the following points :

(a) Title and name of the painter

(b) Medium and technique

(c) Subject-matter

(d) Composition

2. आप अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला के चित्रों / छापा-चित्रों / मूर्ति-शिल्पों को क्यों पसंद **अथवा** नापसन्द करते हैं ? अपने उत्तर का औचित्य उपयुक्त उदाहरणों सहित विस्तारपूर्वक सिद्ध कीजिए । **5**

Why do you like **or** dislike the paintings / graphic-prints / sculptures of the Contemporary (Modern) Indian Art, included in your course of study ? Justify your answer in detail with suitable examples.

3. क्या आप प्रसिद्ध मुग़ल लघु-चित्र **'कबीर और रैदास' अथवा** प्रसिद्ध दक्खिनी लघु-चित्र **'हज़रत निज़ामुद्दीन औलिया और अमीर खुसरो'** से कोई **आध्यात्मिक-संदेश** पाते हैं ? संक्षेप में स्पष्ट कीजिए । **5**

Do you receive any **spiritual-message** from the famous Mughal miniature-painting **'Kabir and Raidas' or** famous Deccani miniature-painting **'Hazrat Nizamuddin Auliya and Amir Khusro'** ? Explain in short.

4. बंगाल शैली के निम्नलिखित चित्रकारों में से **किसी एक** की कलात्मक उपलब्धियों का मूल्याँकन अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित उसकी कलाकृति के विशेष सन्दर्भ में कीजिए : **5**

(अ) अवनीन्द्रनाथ टैगोर

(ब) रामगोपाल विजयवर्गीय

Evaluate the artistic achievements of **any** of the following artists of the Bengal School with special reference to his art-work included in your course of study :

(a) Abanindranath Tagore

(b) Ram Gopal Vijayavargiya

5. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित चित्र (चित्रों) के विशेष संदर्भ में निम्नलिखित में से **किसी एक** पर अवलोकन-टिप्पणी लिखिए : **5**

(अ) राजस्थानी शैली के चित्रों में देदीप्यमान (आभायुक्त) रंगों का गहरी सुसंगति के विरोध में प्रयोग हुआ है और ये आकारों की निश्चित बाह्य रेखाओं के भीतर सपाट रूप से लगाये गए हैं, जो अपनी तीव्रताओं के कारण सबसे अधिक ध्यान खींचते हैं ।

(ब) पहाड़ी शैली के नायक और नायिका भेद विषयक चित्रों में नायक और नायिका को बदलने के लिए राधा-कृष्ण का निरूपण किया गया है ।

Write an observation-note on **any** of the following with special reference to the painting(s) included in your course of study :

(a) In the paintings of the Rajasthani School, the glowing (brilliant) colours are used in deep harmonious contrast and these are applied flatly within definite outlines of forms, which strike most with their intensities.

(b) To replace the Nayak and Nayika in the Nayak & Nayika Bheda paintings of the Pahari School, Radha-Krishna are represented.

6. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित बंगाल शैली के **पाँच चित्रों के शीर्षक** बताइए । **5**

Mention the **titles of the five paintings** of the Bengal School included in your course of study.

7. (अ) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित मुग़ल लघु-चित्रशैली के **किन्हीं तीन चित्रकारों के नाम** बताइए । **3**

(ब) अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित दक्खिन शैली के प्रसिद्ध लघु-चित्रों **'नर्तकियाँ'** तथा **'सुल्तान अबदुल्ला कुतबशाह'** की **उप-शैलियों** के **नाम** बताइए । **2**

(a) Mention the **names of any three painters** of the Mughal School of Miniature Painting included in your course of study.

(b) Mention the **names of the sub-schools** of the famous miniature paintings **'Dancers'** and **'Sultan Abdulla Qutb Shah'** of the Deccan School included in your course of study.

8. अपने पाठ्यक्रम में सम्मिलित समकालीन (आधुनिक) भारतीय कला के **किन्हीं तीन चित्रों**, **एक छापा-चित्र तथा एक मूर्ति-शिल्प के शीर्षक** बताइए । **5**

Mention the **titles of any three paintings**, **a graphic-print** and **a sculpture** of the Contemporary (Modern) Indian Art, included in your course of study.

———————